**Statement**

*State-wise Plant Load Factor of Thermal Power Stations in various State Electricity Boards during August, 1989 and February, 1990*

| Sl.No. | State Electricity Board | Plant Load Factor (%) | |
|---|---|---|---|
| | | August, 1989 | February, 1990 |
| 1 | Haryana | 41.2 | 49.7 |
| 2 | Rajasthan | 51.9 | 40.2 |
| 3 | Punjab | 68.6 | 56.2 |
| 4 | Uttar Pradesh | 42.5 | 61.6 |
| 5 | Gujarat | 44.9 | 68.0 |
| 6 | Maharashtra | 49.2 | 65.8 |
| 7 | Mahdya Pradesh | 45.2 | 59.6 |
| 8 | Andhra Pradesh | 43.4 | 76.8 |
| 9 | Tamil Nadu | 49.6 | 69.7 |
| 10 | Karnataka | 48.6 | 98.9 |
| 11 | Bihar | 29.5 | 34.8 |
| 12 | Orissa | 21.2 | 49.8 |
| 13 | West Bengal | 36.6 | 23.7 |
| 14 | Assam | 27.4 | 32.6 |

1609. [*Withdrawn*]

**राजस्थान के लिए बिजली का कोटा**

1610 **डा. अबरार अहमद खान:** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पालुन, गांधी तथा व्यास नदियों पर स्थित विद्युत परियोजनाओं से किन-किन राज्यों के लिए कितना-कितना विद्युत का हिस्सा निर्धारित किया गया है तथा वास्तव में इन राज्यों को कितनी-कितनी विद्युत मिल रही है ; क्या सोन परियोजना, आनन्दपुर साहिब जल विद्युत परियोजना, पूर्वनिर्धारित तेल विद्युत परियोजना ओ०एन०जी०सी० ०.० मेगावाट और अनूपपुर कार्बन तेल विद्युत परियोजना में राजस्थान के लिये निर्धारित अतिरिक्त विद्युत का कोटा निर्धारित किया गया था और इस समय इस राज्य को कितनी बिजली प्राप्त हो रही है ;

(ख) क्या यह सच है कि उपर्युक्त परियोजना से प्राप्त होने वाली बिजली के वितरण से संबंधित मामला 10 मई, 1984 को उच्चतम न्यायालय को भेजा गया था ; यदि हां, तो इस संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा दी गई सलाह का ब्यौरा क्या है और क्या उस सलाह के अनुसार राज्यों को बिजली का वितरण किया जा रहा है ; और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) 26 जुलाई, 1988 को हुई योजना आयोग की बैठक में इस संबंध में क्या निर्णय लिया गया है ? और

**ऊर्जा मंत्री, साथ में वाणिज्य मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) :** (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) सचिव, योजना आयोग ने शाहपुर-कंडी परियोजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में विचार-विमर्श के लिये 26 जुलाई, 1988 को एक बैठक की थी और 10 मई, 1984 को हुए समझौते के अनुसार मामले को उच्चतम न्यायालय को भेजे बगैर हरियाणा और राजस्थान शाहपुर-कंडी परियोजना के क्रियान्वयन के लिये सहमत नहीं हुए थे इसलिये परियोजना को योजना आयोग द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है ।

## राजस्थान में बिजली की स्थिति

1611. **डा० अबरार अहमद खान:** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान में बिजली की मांग कितनी है और इसकी आवश्यकता की कितनी प्रतिशत बिजली पूरी की जा रही है ;

(ख) राजस्थान में चल रही परियोजनाओं से कितने प्रतिशत बिजली उसे मिल रही है और अन्य राज्यों से बिजली की पूर्ति हो रही है और उन राज्यों के नाम क्या-क्या हैं ;

(ग) राजस्थान बिजली उत्पादन के क्षेत्र में कब तक आत्मनिर्भर हो जाएगा और इस क्षेत्र में केंद्रीय सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं ;

(घ) आठवीं पंचवर्षीय योजनावधि के दौरान राजस्थान में कौन-कौन सी नई विद्युत परियोजनायें लगाई जाएंगी और उनकी क्षमता कितनी-कितनी होगी ; और

(ङ) इस समय उस राज्य में स्थित कौन-कौन सी विद्युत परियोजनायें सुचारू रूप से कार्य कर रही है, कौन-कौन सी परियोजनायें खराबियों के कारण बंद पड़ी हैं तथा वे कितने दिन चालू रहीं, और कितने दिन बन्द रहीं, और प्रचालन अवधि के दौरान उनका संयंत्र लदभार गुणक कितना-कितना रहा ।

**ऊर्जा मंत्री, साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) :** (क) अप्रैल, 89–फरवरी, 90 की अवधि के दौरान राजस्थान की ऊर्जा संबंधी आवश्यकता 9557 मिलियन यूनिट थी तथा इसकी 97% आवश्यकता की पूर्ति की गई थी ।

(ख) अप्रैल, 89–फरवरी, 90 के दौरान राजस्थान में विभिन्न स्रोतों से उपलब्ध विद्युत का ब्यौरा निम्नानुसार है :

| | |
|---|---|
| 1. राजस्थान में स्थित परियोजनाओं से | 45% |
| 2. उत्तरी क्षेत्र में केंद्रीय क्षेत्र के केन्द्रों से | 26% |
| 3. भाखड़ा व्यास प्रबंध बोर्ड से | 26% |
| 4. मध्य प्रदेश की संयुक्त स्वामित्व वाली परियोजना से | 1% |
| 5. पंजाब से | 2% |

(ग) और (घ) आठवीं योजनावधि के दौरान निधियों एवं निवेशों की उपलब्धता पर निर्भर करते हुए राजस्थान में अनन्तिम रूप से 223.4 मैगावाट क्षमता अभिवृद्धि की परिकल्पना की गई है । इसके अलावा उत्तरी क्षेत्र में प्रतिस्थापित की जा रही केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं में भी राजस्थान को अपने हिस्से की विद्युत प्राप्त होगी । तथापि 8वीं योजना के अंत में विद्युत की मांग इसकी उपलब्धता से अधिक होने के कारण राज्य द्वारा विद्युत की कमी का अभी सामना किए जाने की संभावना है ।

(ङ) अपेक्षित सूचना अनुबंध में दी गई है । (**देखिए** परिशिष्ट 153, अनुबंध सं० 69)

## राजस्थान की लम्बित ताप विद्युत परियोजनायें

1612. **डा. अबरार अहमद खान:** क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के निरूपण के बाद भी